राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से श्री सुगल चंद जैन की मुलाकात

राज्यपाल राहत कोष के लिए सौंपा पांच लाख रुपए का चेक

जयपुर, 30 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राज्यपाल राहत कोष सलाहकार समिति के सदस्य श्री सुगल चन्द जैन ने मंगलवार को यहां राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल को उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री जैन ने मुलाकात के दौरान सिंघवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से राज्यपाल राहत कोष के लिए पांच लाख रुपए राशि का चेक सौंपा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्यपाल राहत कोष में आर्थिक सहयोग के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सहयोग से राहत कोष सशक्त होगा और इससे अधिकाधिक जरूरतमन्दों को लाभान्वित करने में मदद मिलेगी।

———————